सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-310
27/07/2017

श्री नीतीश कुमार ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में आज शपथ ली

पटना, 27 जुलाई 2017 :– श्री नीतीश कुमार ने आज बिहार राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। मुख्यमंत्री को पद एवं गोपनीयता की शपथ राजभवन के राजेन्द्र मण्डप में राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने दिलायी। भाजपा नेता श्री सुशील कुमार मोदी को भी राज्यपाल श्री केशरी नाथ त्रिपाठी ने राज्य के मंत्री के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी।

शपथग्रहण समारोह के पशचात पत्रकारों से बातचीत करते हुये मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमने कल भी कहा था कि जो बिहार के हित में होगा, बिहार के लोगों के हित में होगा वही निर्णय लेंगे और बिहार के विकास के लिये, बिहार के लोगों के हित में न्याय के साथ विकास के लिये, बिहार की तरक्की के लिये हमसब लोगों ने मिलकर यह निर्णय लिया है। बिहार के लोगों को मैं अश्वस्त करूँगा कि मेरी प्रतिबद्धता बिहार के लोगों के प्रति है। अबतक बिहार के लोगों ने जो अवसर दिया है, अपनी क्षमता के अनुरूप हमने सेवा करने की कोशिश की है। आगे भी उसी राह पर चलकर लोगों की सेवा और उनकी खिदमत करते रहेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह में अध्यक्ष बिहार विधानसभा श्री विजय कुमार चौधरी, केन्द्रीय मंत्री श्री जे0पी0 नड्डा, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मॉझी, श्री नंदकिशोर यादव, श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव, श्री श्रवण कुमार, श्री अवधेश नारायण सिंह, श्री प्रेम कुमार, श्री मंगल पाण्डेय, श्री नित्यानंद राय, श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, श्री आर0सी0पी0 सिंह, सहित एन0डी0ए0 के सभी विधायक, विधान पार्षद, पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक, पूर्व विधान पार्षद सहित अनेक गणमान्य राजनीतिक एवं सामाजिक हस्तियॉ, उच्चस्थ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी, न्यायविद्, शिक्षाविद् उपस्थित थे।

शपथ ग्रहण समारोह के बाद मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1, अण्णे मार्ग में जदयू के विधायकगण, विधान पार्षदगण एवं कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। हजारों की संख्या में उत्साही प्रशंसकों, शुभचिन्तकों ने मुख्यमंत्री को बधाई दी, उन्हें फूल, माला और फूलों का गुलदस्ता भेंट किया। मुख्यमंत्री ने बारी–बारी से सभी से मुलाकात की, उन्हें दिये गये विश्वास एवं स्नेह के लिये धन्यवाद दिया।

******